

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शुक्रवार , 13 मार्च 2026 | वर्ष: 03 , अंक: 361 पृष्ठ: 08 , मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# अविश्वास प्रस्ताव लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी: बिरला

## नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका; नियम सबसे ऊपर: लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला

**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों। ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा "यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है।"

**हर सदस्य का आभारी हूं- ओम बिरला**

उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है।

**'नियमों के तहत बोलने का अधिकार'**

ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है।





### नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी है: ओम

कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। चेयर के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस चेयर पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है। ओम बिरला ने कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी आरोप लगाया गया कि उन्हें मौका कम दिया जाता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं।

#### सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी: ओम

बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। निलंबन का विषय भी कुछ सदस्यों ने उठाया है। मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है। लेकिन सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी है। हमें विचार करना होगा कि इस सदन को निलंबन जैसे कठोर निर्णय क्यों लेने पड़े। मैं अक्सर आग्रह करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे।

### ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है..

**लोकसभा** अध्यक्ष ने कहा कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं। कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल सकते हैं। ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है, चाहे वो प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों, विपक्ष के नेता या कोई अन्य सदस्य। सभी को नियम के अनुसार ही बोलने का अधिकार है। सदन ने ही ये नियम बनाए हैं और मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने आसन द्वारा विपक्षी सदस्यों के बोलते समय माइक बंद करने के आरोपों पर कहा कि अध्यक्ष के पास माइक ऑन या बंद करने का अधिकार नहीं है। विपक्ष के जो नेता पीठासीन सभापति होते हैं, वे इस बारे में जानते हैं।

**'मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे- बिरला**

ओम ने आगे कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी यह आरोप लगाए गए कि उनको बोलने का मौका कम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं।



### नेता प्रतिपक्ष को कभी बोलने से नहीं रोका गया: ओम बिरला

बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की ओर जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की थी, जो अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को न आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश यही रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना पड़े, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। विपक्ष की शिकायतों पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को कभी बोलने से नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में सभी को नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का मानना है कि सदन के नेता नियमों से ऊपर होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। नियम 372 के तहत प्रधानमंत्री को भी पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। माइक बंद करने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि चेयर के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता और कई विपक्षी सदस्य स्वयं इस चेयर पर बैठ चुके हैं।

# मुख्यमंत्री यादव के प्रयासों से मप्र के किसानों को मिली बड़ी सौगात, केंद्र ने दी कई अहम मंजूरियां

**भोपाल।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार से कई और बड़ी महत्वपूर्ण मंजूरियां मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिस पर केंद्र ने सकारात्मक निर्णय लिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्च स्तरीय चर्चा में ग्रामीण सड़कों सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश को बड़ी राहत देने वाले निर्णय लिये गये। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से केन्द्र के मप्र के किसानों के लिए निर्णयों की जानकारी साझा की है।

**सरसों किसानों को मिलेगा भावांतर भुगतान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर सरसों की खरीद से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत मध्यप्रदेश के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।






# सीडीओ ने ग्राम चौपाल लगाकर, सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने आज ह्लगॉव की समस्या, गॉव में समाधानह्ल के अन्तर्गत विकास खण्ड कौशाम्बी की ग्राम-हकीमपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम में गठित स्वयं सहायता समूहों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और महिलाओं को स्वयं सहातया समूह से जोड़ा जाय।



उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वें में ग्राम में 119 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चां को अन्नप्राशन कराया तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्र हाकिमपुर का निरीक्षण कर वहॉ की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने आर.आर.सी. सेन्टर का भ्रमण कर खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम में 144 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 12 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेशन एवं 40 निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिल रहा है। अन्य विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए लोगां की सूची तैयार कर ली गई है, सत्यापन के पश्चात पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम में आंशिक रूप से जलापूर्ति हो रहीं है। आगमा 02 माह के अन्दर ग्राम में पूर्ण क्षमता के साथ जलापूर्ति शुरू करा दिया जाएगा।

## महिलाओं एवं छात्राओं को नए कानून के बारे में किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों/थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति फेज 5.0, साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा नये आपराधिक कानूनों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं-बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।

इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन तथा 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा व नारी स्वावलंबन के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, एंटी रोमियो टीम एवं थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** एसपी अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर थाना असोथर पुलिस जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे चार लोगों को गुरुवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक असोथर ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे चार आरोपी विपिन पुत्र प्रेम उम्र 26 वर्ष, शिवम पुत्र ननबोध उम्र 22 वर्ष, पंकज उर्फ पिंटू पुत्र गणेश उम्र 30 वर्ष, पंकज पुत्र सैकूलाल उम्र 22 वर्ष निवासीगण झब्बापुर थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## तमंचा कारतूस के साथ हमले का आरोपी दबोचा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर।** गुरुवार को थाना औंग पुलिस जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर तमंचा कारतूस बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी औंग ने बताया कि क्षेत्र में आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त कैलाश नारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 गुरुप्रसाद निवासी मयारामखेड़ा थाना औंग जनपद फतेहपुर उम्र लगभग 55 वर्ष को 01 अवैध तमंचा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## विधायक ने डीएम के साथ मोटरसाइकिल से पगडंडी रास्ते का किया सर्वे

**अपने से 3 करोड़ की सड़क बनाने की घोषणा**

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी/चित्रकूट।** मऊ मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मारचंद्रा में वर्षों से ग्रामीणों का आना-जाना केवल पगडंडी के सहारे होता था। समस्या की जानकारी मिलते ही मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने जिलाधिकारी को साथ लेकर मोटरसाइकिल से गांव की उस पगडंडी का सर्वे किया और जमीनी हकीकत देखी।निरीक्षण के बाद विधायक ने अपने से 3 करोड़ रुपये की लागत से पक्की सड़क निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी गांव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।विधायक की इस पहल से मारचंद्रा गांव और आसपास के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद पहली बार गांव में पक्की सड़क बनने जा रही है, जिससे वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## सैनी पुलिस ने टप्पेबाजी में 3 अभियुक्त गिरफ्तार किया

**20 हजार अखबारी कागज के नोटनुमा गड्डी बरामद**

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**



**प्रयागराज।** सैनी थाने की पुलिस ने टप्पेबाजी व धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 20 हजार रूपए अखबारी कागज के नोटनुमा गड्डी बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि अमृत लाल निवासी वार्ड नं0 2 परसीपुर नगर पंचायत सिराथू थाना सैनी जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि बैंक ऑफ बडौदा सिराथू रोड से 25 हजार रुपए निकालकर बाहर आया तो दो अज्ञात व्यक्ति मिले जिन्होने मुझसे पहले रास्ता पूछा फिर एक नोट की गड्डी देकर फुटकर पैसे मांगे तो मैने बैंक से निकाले हुये 25 हजार रुपए उन्हे दे दिया। भुक्तभोगी ने बताया कि थोड़ी देर बाद देखा तो उनके द्वारा दी गयी गड्डी में नोट की जगह अखबारी कागज के टुकड़े मौजूद थे। इसी प्रकार 9 मार्च को आवेदिका सविता देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी बदलेपुर नन्द सैनी थाना सैनी जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि बैंक से पैसा निकाल रही थी उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि मुझे जल्दी में दिल्ली जाना है आप मेरे पैसे को अपने खाते में जमा कर दीजिए बाद में पैसे ट्रान्सफर करा लेंगे। यह कहते हुये एक नोट की गड्डी दिया और बदले में मैंने विश्वास में आकर बैंक से निकाले हुये 14 हजार रुपए उसे दे दिया। बाद में देखा तो उसके द्वारा दिये गये गड्डी में नोट नही, अखबारी पेपर के टुकड़े थे। पुलिस की माने तो तहरीर के आधार पर थाना सैनी में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दोनों अभियोग का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। सैनी पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरे एवं मोबाइल सर्विलांस की सहायता से घटना का अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार होने वालों में राजा निवासी मकान नं0 9 न्यू आजाद नगर संख चौराहा थाना सैनी पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर, दिपू उर्फ साजन निवासी पोजेपुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर और वीरेन्द्र निवासी न्यू आजाद नगर पीएसी मोड थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर शामिल हैं।

गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से टप्पेबाजी व धोखाधड़ी के 20 हजार रुपए अखबारी कागज के नोटनुमा गड्डी बरामद की गई है।

पुलिस को पूछताछ में पता चला कि गिरोह में पांच लोग शामिल हैं। दो लोग बैंक के आसपास रेकी करते हैं। जबकि एक साथी बैंक के अन्दर जाकर देखता है कि कम पढ़ा लिखा व्यक्ति कौन है जिन्हे आसानी से बरगलाया जा सके। योजना बनाकर बैंक में पैसे निकालने हेतु आये हुये कम पढ़े लिखे बुजुर्ग व्यक्ति को चिन्हित कर उनकी थोड़ी मदद करते है तथा अपने विश्वास में लेकर किसी बहाने से उनके द्वारा बैंक से निकाले गये पैसे लेकर अपने पास रखे हुये अखबारी पेपर से बनी गड्डी ( जिसमें उपर व नीचे कुछ असली नोट भी लगी होती है ) उन्हे दे देते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में यह भी बताया गया कि हम लोगों ने मिलकर 1मार्च को जनपद बांदा में नरैनी के इलाहाबाद बैक से एक व्यक्ति से 29,000 रुपए की धोखाधड़ी की गयी थी ।

# कप्तान ने 'ऑनलाइन संवाद' के जरिए सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों तथा प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों से



ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद स्थापित कर प्रकरणों की जानकारी ली जा रही है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक मामले की वस्तुनिष्ठ समीक्षा करते हैं तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हैं।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

तकनीक के इस प्रभावी उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ आमजन का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी निरंतर मजबूत हो रहा है।

# पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का एडीजी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** गुरुवार को आगामी दिनांक 14 व 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से की जा रही तैयारियों का निरीक्षण एडीजी जोन प्रयागराज ज्योति नारायण द्वारा किया गया।

इसी क्रम में थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत भरवारी स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए एडीजी जोन महोदय ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा



लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी, कक्ष व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा अभ्यर्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने एवं निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान एसपी राजेश कुमार, सीओ अभिषेक सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसपी द्वारा पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का किया निरीक्षण





**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा आगामी दिनांक 14 व 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत भरवारी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी, कक्ष व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

साथ ही केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने एवं निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## हथगांव पुलिस द्वारा बाल अपचारी सहित 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर थाना हथगांव पुलिस हत्या के प्रयास में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गुरुवार को थाना हथगांव पुलिस द्वारा जानलेवा हमले से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण महेन्द्र गुप्ता उर्फ पंकज गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता उम्र-28 वर्ष निवासी छिवलहा थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर 2-शिवकुमार पुत्र सन्ता सिंह उम्र-31 वर्ष निवासी सरकण्डी थाना असोथर जनपद फतेहपुर, हाल पता- छिवलहा थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं बाल अपचारी को बाल सरंक्षण अधिकारी द्वारा संरक्षण में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

## प्रेमी से शादी की जिद में दो दिन बाद फिर हाईटेंशन पोल पर चढ़ी युवती, तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा



**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के नटौली गांव में प्रेमी से शादी की जिद में एक युवती गुरुवार को दो दिन बाद फिर हाईटेंशन बिजली के पोल पर चढ़ गई। युवती बार-बार अपने प्रेमी को बुलाने की मांग करती रही और कहती रही कि वह उससे बहुत प्यार करती है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा।

युवती का आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के नंदाव गांव निवासी एक युवक से प्रेम संबंध था। परिजनों को इस रिश्ते की जानकारी होने के बाद उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।बताया जाता है कि लगभग तीन महीने पहले युवती अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। बाद में पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया था। युवती के परिजनों की शिकायत पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और उसे जेल भेज दिया गया था।

# सरायइनायत पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृत बालक 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद

**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायइनायत पर पंजीकृत अपहरण से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सेवालाल बनवासी पुत्र स्व0 हरखू निवासी ग्राम महमलपुर थाना कछवा जनपद मिजार्पुर को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत



हनुमानगंज स्थित रामनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृत बालक को सकुशल बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक-11.03.2026 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कतवारूपुर से वादी मुकदमा के 07 वर्षीय पुत्र का अहरण कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सरायइनायत पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-56/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

थानाध्यक्ष संजय गुप्ता, थाना सरायइनायत. उ0नि0 रामायण सिंह, चौकी प्रभारी हनुमानगंज. उ0नि0 उपेन्द्र कुमार तिवारी, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्रांत्रर्गत ग्राम चौफेरवा निवासी सुशील श्रीवास्तव द्वारा पड़ोसियों की मदद से सब्बल के द्वारा दरवाजा खोला गया, तो पाया गया कि मौके पर उनकी पत्नी सुशीला श्रीवास्तव व छोटा भाई सुनील कुमार श्रीवास्तव रक्त रंजित अवस्था में पड़े हुए थे, श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव व अमर श्रीवास्तव की मृत्यु मौके पर ही हो गयी थी तथा घायल सुनील कुमार श्रीवास्तव को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था, जहां पर चिकित्सकों द्वारा सुनील कुमार श्रीवास्तव को मृत




घोषित कर दिया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा किया गया। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान रक्तरंजित दो ब्लेड, सल्फास के पाउच व केमिकल का डिब्बा पड़ा मिला तथा दो गिलास में सल्फास की गंध आ रही थी।

मृतक अमर श्रीवास्तव द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। बरामद सुसाइड नोट के अनुसार मृतक अमर श्रीवास्तव काफी कर्ज में डूबा हुआ था तथा कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था एवं उसके विरुद्ध एससी/एसटी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराने की धमकी दी जा रही थी। तीनों मृतकों के गले व हाथ की कलाई पर ब्लेड से कटे के निशान थे एवं फर्श पर खून फैला हुआ था। दीवार पर खून के छींटे तथा संघर्ष के किसी भी प्रकार के घटनास्थल पर कोई निशान नहीं पाये गये। सुशील श्रीवास्तव द्वारा पुष्टि की गई कि घटनास्थल से प्राप्त सुसाइड नोट उनके बेटे अमर श्रीवास्तव के हस्तलेख में लिखा गया है तथा सुशील श्रीवास्तव द्वारा भी आत्महत्या की घटना माना गया है। वादी सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली में धारा 108 बीएनएस का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियोग में नामित चार आरोपियों में दिलीप उर्फ पप्पू, संजय सिंह, शुभम कुमार कश्यप और सोनू कुमार रैदास को गिरफ्तार किया गया है। अभियोग में नामित एक अन्य आरोपी राहुल श्रीवास्तव की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है।

# रुक्मणी विवाह और महारास की कथा सुनकर आनंदित हुए श्रोता



चंद्रशेखर यादव
सबसे तेज प्रयागराज

**बहरिया** विकास खंड बहरिया के रामगढ़ कोठारी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को कथा वाचिका श्री राधे सिया जी ने महारास लीला एवं रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन किया। भगवान कृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण, कालयवन का वध, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव का गोपियों से संवाद , द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण वर्णन किया । महारास लीला के वर्णन में बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने बांसुरी बजाई तो गोपिया अपने सारे कामों को छोड़कर महारास में शामिल होने के लिए चली आईं। महारास में जीवात्मा और परमात्मा का मिलन होता है। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूबआनंदित किया श्रीकृष्ण-रुक्मणी की वरमाला पर जम कर फूलों की बरसात हुई ।कथा व्यास ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनका जीवन हमेशा आनंद से भरा रहता है।बता दें कि रामगढ़ कोठारी गांव में 6 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा हे 13 मार्च को कथा का समापन होगा तथा14 मार्च को हवन वा गया जी का भात होगा तथा 15 मार्च को भंडारे के साथ समापन। आयोजन में कुल गुरु सुर्दशनाचार्य महाराज,आचार्य पं विमल मिश्रा के अलावा मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमा देवी, विपिन शुक्ल,विनय शुक्ल, ब्लांक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र,राकेश कुमार शुक्ला,प्रियाशु तिवारी,अमृत लाल पाल,बबलू भारतीया,विवेक शुक्ला,राजेश शुक्ला, प्रकाश मिश्रा,शैलेश तिवारी,सोनू शुक्ला,अनिल पटेल ,राहुल शुक्ला,दिनेश चंद्र पाण्डेय व लल्लन शुक्ल समेत ग्रामवासी लोग रहे।

## सिकंदरा हनुमान मंदिर का वार्षिक भंडारा आज

**बहरिया।** सिकंदरा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का वार्षिक भंडारा 13 मार्च को होगा। इसके उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को समापन के बाद हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राजकुमार पांडेय एवं मंदिर के पुजारी ओम शांति बाबा ने लोगों से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## अपहृत की गई नाबालिक किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

सबसे तेज प्रयागराज

**बहरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत की गई नाबालिक किशोरी को बहरिया पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मैलहा के पास से बरामद कर लिया है। आरोपी की तलाश बहरिया पुलिस के द्वारा की जा रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को कोतवाली फूलपुर के कसरावल डीह निवासी महेंद्र चौहान पुत्र चंद्रभान के द्वारा एक मार्च की रात्रि में बहला फुसला कर अपहृत कर लिया गया था। किशोरी के दादा के द्वारा पांच मार्च को बहरिया थाने में फूलपुर के कसरावल डीह निवासी महेंद्र चौहान के खिलाफ तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मामल दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण बहरिया पुलिस सरगर्मी से किशोरी की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को पता चला कि किशोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैलहा के पास टहल रही है। मौके पर पहुंची महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा उप निरीक्षक राजकुमार ने किशोरी को पहचान कर थाने ले गए। जहां परिजनों को बुलाकर उसकी पहचान कराई तत्पश्चात उसे मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है।

## नशे के दुष्प्रभावों से किया गया जागरूक

### टीआई ने सुरक्षित यातायात की स्वयं सेविकाओं को दी जानकारी



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** आर्य कन्या डिग्री कालेज, मुट्ठीगंज, प्रयागराज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का तीसरे दिन उत्साह और सक्रिय सहभागिता के साथ आज समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल योग, प्राणायाम, प्रार्थना तथा व्यायाम से हुई, जिससे स्वयंसेविकाओं में शारीरिक एवं मानसिक ऊर्जा का विकास हुआ।

डॉ. चित्रा चौरसिया ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का लक्ष्यगीत गवाया गया तथा उसके महत्व की जानकारी दी गयी। डॉ. किरन मिश्रा ने कला एवं क्राफ्ट के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मकता से परिचित कराया और उन्हें सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया।

प्रथम सत्र में मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जादूगर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और स्वयंसेविकाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। उप मद्य निषेध अधिकारी अंकुर पाण्डेय एवं पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

टीआई अमित कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने सुरक्षित पैदल चलने के नियमों पर प्रकाश डालते हुए बाईं ओर चलना, पंक्ति में चलना, दिशा बदलते समय संकेत देना तथा चालक के साथ आई-कॉन्टैक्ट बनाए रखना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने यातायात प्रबंधन के ह्यफाइव ईह्व कॉन्सेप्ट इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट, एनवायरनमेंट एवं इमरजेंसी से भी छात्राओं को जानकारी दिया।

द्वितीय सत्र के प्रमुख वक्ता मनोचिकित्सक डॉ. राकेश पासवान थे। उन्होंने नशा मुक्ति विषय पर स्वयंसेविकाओं से संवाद करते हुए व्यवहारिक एवं पदार्थ संबंधी नशे के दुष्प्रभावों, आत्महत्या, मोबाइल एडिक्शन, गेम एडिक्शन तथा जेनोफिलिया जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर - 14416 की जानकारी देकर मानसिक स्वास्थ्य सहायता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, प्राचार्या, उपप्राचार्या, कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रयागराज को नशामुक्त बनाने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अर्चना पाठक ने की, जबकि संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती देवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल समन्वयन में डॉ. दामिनी, डॉ. शिवानी एवं डॉ. सुधा का योगदान रहा।

## कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारी को लेकर भाजपा गंगापार की बैठक सम्पन्न



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गंगापार में 15 मार्च को परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 15 मार्च को परेड ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी गंगापार महानगर और जमुनापार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे जहां वो सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ फूलों से होली खेलेंगे। जिलाध्यक्ष ने गंगापार के सभी मंडल अध्यक्ष को को निमंत्रण पत्र देते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मंडल के कार्यकताओं को साथ में लेकर आना है इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल किरण त्रिवेणी, चंद्रकेश पाल,जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, मृगेन्द्र सिंह,जिला मंत्री तुलसी राम सरोज अमरजीत कुशवाहा महेश पांडेय संतोष शुक्ला, रोहित केशरी,देवेन्द्र गिरी, संजय मिश्रा बनकटा, श्याम सुंदर दुबे,बृजेश त्रिपाठी, योगेश मिश्रा,तरुण मिश्रा,विमलेश पटेल,डॉ क्रान्ति तिवारी, धीरेन्द्र मिश्रा,मंडल अध्यक्ष अनिल मौर्या, रणविजय सिंह, महेंद्र गिरी, राम कैलाश सरोज, सुशील त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र बिंद,राजू पाल,महेन्द्र त्रिपाठी,टी एन सिंह, नवनीत तिवारी,पवन गुप्ता,आरती अग्रवाल, शिवबाबू मोदनवाल महेश माली संजय यादव गुड्डू राजा,आदि मौजूद रहे।

## बहरिया पुलिस ने 6 वर्ष से फरार चल रहे लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार




चंद्रशेखर यादव
सबसे तेज प्रयागराज

**बहरिया।** रामगढ़ कोठारी गांव निवासी व लूट का आरोपी प्रशांत दूबे को बहरिया पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार ही कर जेल भेज दिया। प्रशांत दुबे पुलिस को चकमा देकर छः वर्ष से फरार चल रहा था। थाना क्षेत्र के चकिया धमौर गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र अमृतलाल विश्वकर्मा ने सितंबर 2020 को बहरिया थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था कि वह रिश्तेदारी से घर वापस आ रहा था तभी चार अज्ञात लोगों के द्वारा रोक कर उससे मोबाइल एवं तीन हजार नकदी लूट लिया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुटी तो प्रकाश में आया कि रामगढ़ कोठारी गांव निवासी आकाश शुक्ला, जोगिया शेखपुर के अवधेश उर्फ विपिन मिश्रा, सराय सुल्तान निवासी अवधेश कुमार यादव और रामगढ़ कोठारी निवासी प्रशांत दुबे लूट में शामिल थे। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था लेकिन प्रशांत दुबे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा और 6 वर्ष से फरार चल रहा था। बुधवार की शाम थानाध्यक्ष बहरिया ब्रजेश सिंह को सूचना मिली कि प्रशांत दुबे रामगढ़ कोठारी की नहर पर मौजूद है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची तो प्रशांत दुबे भागने लगा दौड़कर पुलिस वालों ने पकड़ लिया। प्रशांत को थाने ले आया गया। बृहस्पतिवार को लिखा पढ़ी करके प्रशांत को कोर्ट में भेजा गया जहां से उसको भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, उपनिरीक्षक उमेश यादव, बलवंत सिंह, बलकेश, चंदन कुमार, महिला उप निरीक्षक शिवानी मिश्रा हेड कांस्टेबल रामचंद्र वर्मा कांस्टेबल मनीष यादव रहे।

## नगर जोन के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति 5 .0' अभियान



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज** । पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में गुरुवार को नगर जोन के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम व जागरूकता रैली में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत नगर जोन के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान का समापन समारोह अग्नि एवं सुरक्षा विभाग सम्पन्न



मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई में बृहस्पतिवार को 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान का समापन समारोह अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष का विषय उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करे और सशक्त बनाएँ है। महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह ने कहा कि आज का दिन हमें सुरक्षा के महत्तव व जागरूकता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के प्रति सचेत रहे और सुरक्षित कार्य करें, सुरक्षा को कभी भी नजरअंदाज ना करें। सुरक्षा उपकरणों, हेलमेट, सूट व गैजेट का अवश्य प्रयोग करें। फायर अलार्म एवं प्राथमिक सुरक्षा के बारे में जागरूक रहें। सुरक्षा को अपनी आदत एवं अपनी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाये। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग संकल्प करें कि सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे, नये कर्मचारियों को शिक्षित करेंगे और सुरक्षा को जीवनचर्या का हिस्सा बनायेंगे। महाप्रबंधक तकनीकी रत्नेश कुमार ने कहा कि जानकारी अवश्य तुरंत साझा करें ताकि तय समय में अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा दुर्घटना का निवारण किया जा सके। कार्य निष्पादन में सुरक्षा मानकों का अवश्य ध्यान रखें। मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की तथा बताया कि हम 1814 दिन दुर्घटना रहित कार्य करे रहें है जो हमारी उपलब्धि है। दुर्घटना निवारण हेतु 1173 टूल बाक्स इंस्टाल किये गये है। उन्होंने बताया कि अग्नि एवं सुरक्षा विभाग को गत वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद एवं ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल से अवार्ड प्राप्त हुए है। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश निगम ने किया। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, संदीप गोयल,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं एवं विभागों को पुरस्कृत किया गया।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा अपहरण और दुष्कर्म से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त राज यादव पुत्र स्व0 ओम प्रकाश निवासी 62/52 मऊ सरैया अशोक नगर थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर टीवी टावर के पास थाना क्षेत्र कैण्ट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 65(1)/87 बी0एन0एस0 व 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

म0उ0नि0 प्रिया बाजपेई. उ0नि0 निखिल यादव. का0 मनीष कुमार, थाना कैण्ट कमिश्नरेट प्रयागराज।

## होली मिलन में उडे गुलाल, गाये गये फागुनी गीत

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सर्वोदय नगर में मातृ भारती की ओर से 'होली मिलन कार्यक्रम ' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों की माताओं और मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ भारती की संरक्षक सीमा जायसवाल, नीलम गुप्ता, प्रथम सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अतिथि माताओं का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण 'होली आई रे' और 'फाग' के गीतों से भक्तिमय और आनंदित हो उठा। समारोह में उपस्थित महिलाओं और शिक्षिकाओं ने पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया और एक - दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। शिक्षिकाओं ने होली के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, इसलिए समाज में संस्कारों के प्रसार के लिए मातृ शक्ति का ऐसे उत्सवों में शामिल होना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी को जलपान और मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में अभिभावक महिलाएं और प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# ईद के बाद शुरू कराया जाय मूल्यांकन : डा हरि प्रकाश यादव

## एकजुट के प्रदेश संरक्षक ने यूपी बोर्ड परीक्षा संपन्न होने पर बोर्ड सचिव को दी बधाई



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न होने पर बोर्ड सचिव भगवती सिंह को आज यूपी बोर्ड मुख्यालय में बधाई दिया।

इस दौरान एकजुट के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने सचिव भगवती सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गयी है कि यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ईद पर्व के पश्चात कराया जाये।

एकजुट के ज्ञापन मे कहा गया है कि कापियों का 18 मार्च से मूल्यांकन कार्य होने जा रहा है, जबकि शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा जारी अवकाश कैलेण्डर में 20 मार्च शुक्रवार को जुमा अलविदा एवं 21 मार्च को ईद उल फितर का सार्वजनिक अवकाश घोषित है परंतु जब मूल्यांकन कार्य होता है तो उस समय कोई अवकाश नहीं दिया जाता है यहां तक कि रविवार को भी काफियों का मूल्यांकन कराया जाता है । होली की तरह ईद भी एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, यदि मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होता है तो बीच में ईद पर्व के कारण मूल्यांकन कार्य प्रभावित होगा इसलिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ईद के बाद शुरू कराया जाय।

एकजुट के प्रतिनिधि मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित नाम संशोधन की प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का मुद्दा भी उठाया। संगठन ने बताया कि वर्तमान में नाम संशोधन के लिए टीसी पर काउंटर साइन की अनिवार्यता रखी गई है,जिसके कारण कई बार छात्र - छात्राओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर जब छात्र विद्यालय से दूर होते हैं या परीक्षा के बाद अन्य स्थानों पर चले जाते हैं, तब काउंटर शाइन कराना कठिन हो जाता है।

इस कारण कई छात्रों के नाम संशोधन के प्रकरण समय पर पूर्ण नहीं हो पाते। एकजुट शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सचिव से अनुरोध किया कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा टीसी प्रति हस्ताक्षर की अनिवार्यता में व्यावहारिक समाधान निकाला जाए, ताकि छात्रों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में परिषद स्तर पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर एकजुट के प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मौर्य, जिला मंत्री डीपी यादव सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। एकजुट के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने आशा व्यक्त किया है कि परिषद शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही उचित निर्णय लेगी।

## संपादकीय

# एक परीक्षा से बड़ी ज़िंदगी

**हाल** ही में संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) के परिणाम घोषित हुए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी सफल अभ्यर्थियों की कहानियाँ सुर्खियों में हैं। टॉपर्स के इंटरव्यू, उनकी रणनीति, उनकी मेहनत और संघर्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। यह स्वाभाविक भी है। वर्षों की कठिन तैयारी के बाद जो युवा इस परीक्षा में सफल होते हैं, उनकी उपलब्धि निश्चित ही प्रशंसा के योग्य है। लेकिन इस उत्सव के बीच एक दूसरा पक्ष भी है, जिस पर कम चर्चा होती है। वह है यू.पी.एस.सी. के इर्द-गिर्द हमारे समाज में बनती वह मानसिकता, जिसने इस परीक्षा को केवल एक अवसर नहीं बल्कि सफलता का अंतिम पैमाना बना दिया है। धीरे-धीरे हमारे सामाजिक वातावरण में यह धारणा गहराती गई है कि पढ़ाई का सबसे बड़ा उद्देश्य यू.पी.एस.सी. है। घरों में, रिश्तेदारों की बातचीत में, यहां तक कि स्कूल-कॉलेज के माहौल में भी अक्सर यही संदेश सुनाई देता है कि असली सफलता वही है जो इस परीक्षा से होकर गुजरे। किसी घर में यदि कोई युवक या युवती भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्अर) या भारतीय पुलिस सेवा (क्ढर) में चयनित हो जाता है तो वह पूरे परिवार और मोहल्ले के लिए गर्व का विषय बन जाता है। यह गर्व स्वाभाविक है, लेकिन इसके साथ एक अनकहा संदेश भी समाज में फैलता है–जो इस परीक्षा में सफल नहीं हुआ, वह शायद उतना सफल नहीं है। यही सोच कई बार लाखों युवाओं के मन पर अनावश्यक दबाव बना देती है। 18झ्र19 वर्ष की आयु में जब कोई छात्र अपने भविष्य के बारे में सोच रहा होता है, तब अक्सर उसके सामने यू.पी.एस.सी. को ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इन युवाओं में से बहुत कम लोग वास्तव में शासन व्यवस्था, नीति निर्माण या सार्वजनिक सेवा की जटिलताओं को समझते हुए इस दिशा में आगे बढ़ते हैं। कई बार यह निर्णय प्रेरणा से अधिक सामाजिक प्रतिष्ठा की कल्पना से प्रेरित होता है। सोशल मीडिया के दौर में यह प्रवृत्ति और तेज हुई है। छोटी-छोटी वीडियो क्लिप, वर्दी में अधिकारियों की छवियाँ, कलेक्टर साहब या सुपरकॉप जैसे लोकप्रिय चित्रण युवाओं के मन में एक आकर्षक छवि बनाते हैं। लेकिन इन छवियों के पीछे की वास्तविकता–लंबे कार्य घंटे, प्रशासनिक जटिलताएँ, प्राकृतिक आपदाओं के समय निरंतर जिम्मेदारी, राजनीतिक दबाव और निर्णयों की कठिनाइयाँ–इनका उल्लेख शायद ही कभी होता है। इस परीक्षा से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण प्रश्न भाषा का भी है। पिछले कुछ वर्षों में यू.पी.एस.सी. के परिणामों में हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधित्व लगातार घटता दिखाई देता है। यह केवल भाषा का सवाल नहीं है, बल्कि अवसरों की समानता से जुड़ा मुद्दा भी है। देश के छोटे शहरों और कस्बों से आने वाले अनेक छात्र सीमित संसाधनों में इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। उनके सामने अंग्रेजी भाषा की चुनौती होती है, अध्ययन सामग्री की कमी होती है और महंगी कोचिंग व्यवस्था भी एक बाधा बनती है। विडंबना यह है कि जिन अधिकारियों को देश की विविध जनता के साथ काम करना होता है, वही जनता प्रायः अपनी स्थानीय भाषाओं में सोचती और बोलती है।

# कांशीराम की विरासत पर सभी दलों की नजर, यूपी की राजनीति बदलने की होड़

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में कई प्रतीक ऐसे रहे हैं जिनकी विरासत समय-समय पर नई सियासी व्याख्या के साथ सामने आती है। बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम भी ऐसे ही नेता हैं। 15 मार्च को उनकी जयंती हर साल बसपा मनाती रही है, लेकिन इस बार तस्वीर कुछ अलग है। कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी और बीजेपी तक, लगभग सभी दल कांशीराम की राजनीतिक विरासत को अपने तरीके से याद कर रहे हैं। लखनऊ से दिल्ली तक कार्यक्रमों की श्रृंखला बन रही है, बहुजन संवाद की बातें हो रही हैं और पीडीए दिवस जैसे नए राजनीतिक नारे सामने आ रहे हैं। यह सब महज संयोग नहीं है, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बदलते सामाजिक समीकरणों का संकेत भी है। दिलचस्प यह है कि कांशीराम की राजनीति का मूल आधार कांग्रेस विरोध से ही बना था। 1980 और 1990 के दशक में उन्होंने जिस बहुजन राजनीति की नींव रखी, उसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिए पर पहुंचा दिया था। लेकिन अब वही कांग्रेस उनकी जयंती को परिवर्तन दिवस के रूप में मना रही है। 13 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम में राहुल गांधी की मौजूदगी और बहुजन संवाद की योजना इसी कोशिश का हिस्सा है। कांग्रेस का तर्क है कि कांशीराम को किसी एक पार्टी के नेता के रूप में सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय की लड़ाई के बड़े प्रतीक के रूप में समझना चाहिए। राहुल गांधी पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना और हिस्सेदारी की राजनीति को जोर-शोर से उठा रहे हैं। कांशीराम के उस पुराने नारे जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी को कांग्रेस आज अपने राजनीतिक तर्क के रूप में सामने रख रही है। समाजवादी पार्टी की रणनीति भी कम दिलचस्प नहीं है। अखिलेश यादव ने कांशीराम की जयंती को पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह सिर्फ प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि उस सामाजिक समीकरण को मजबूत करने की कोशिश है जो 2024 के लोकसभा चुनाव में आंशिक रूप से दिखाई दिया था। अखिलेश यादव को यह एहसास है कि सिर्फ यादव-मुस्लिम वोटों के सहारे बीजेपी को चुनौती देना मुश्किल है। इसलिए पीडीए का फामूर्ला दरअसल उस बड़े सामाजिक गठबंधन की तलाश है जिसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक एक साझा राजनीतिक मंच पर आएं। कांशीराम की जयंती को इस रणनीति से जोड़ना इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि बहुजन राजनीति की अवधारणा में यही सामाजिक वर्ग सबसे अहम रहे हैं।बीजेपी भी इस पूरी बहस से अलग नहीं है। पार्टी ने दलित महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि मनाने के लिए एक कैलेंडर तैयार किया है, जिसमें कांशीराम का नाम भी शामिल है। योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण के नेतृत्व में दलित समाज से संवाद बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में बीजेपी ने दलित समुदाय के बीच अपनी पैठ मजबूत करने के लिए कई प्रतीकात्मक और सामाजिक कार्यक्रम किए हैं। संत रविदास से लेकर बाबा साहेब आंबेडकर तक, दलित प्रतीकों को पार्टी अपने राजनीतिक विमर्श में शामिल कर चुकी है। ऐसे में कांशीराम का नाम भी इस सूची में जुड़ना स्वाभाविक माना जा रहा है। बीजेपी की रणनीति साफ है दलित समाज को यह संदेश देना कि उसकी राजनीति सिर्फ एक पार्टी की बपौती नहीं है।दरअसल, कांशीराम की विरासत को लेकर अचानक बढ़ी यह दिलचस्पी उत्तर प्रदेश की बदलती राजनीति से जुड़ी है। राज्य में दलित मतदाता लगभग 21 प्रतिशत हैं और अगर अतिपिछड़े वर्ग को जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 50 प्रतिशत के करीब पहुंच जाती है। कांशीराम ने इन्हीं वर्गों को राजनीतिक ताकत के रूप में संगठित करने का काम किया था। बसपा के उदय के साथ दलित राजनीति को पहली बार ऐसा मंच मिला जिसने सत्ता तक पहुंचने का रास्ता बनाया। मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं और बहुजन राजनीति का एक नया अध्याय लिखा गया।



लेकिन पिछले कुछ चुनावों में बसपा का जनाधार लगातार कमजोर होता गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बेहद सीमित रहा। यही वह राजनीतिक खालीपन है जिसे भरने के लिए दूसरी पार्टियां कोशिश कर रही हैं। सपा को लगता है कि दलित मतदाता अब नए विकल्प की तलाश में हैं और पीडीए फामूर्ले के जरिए उन्हें अपने साथ जोड़ा जा सकता है। कांग्रेस भी इसी संभावना को देख रही है और सामाजिक न्याय की नई बहस के जरिए दलित-ओबीसी वर्गों से संवाद बढ़ाना चाहती है। बीजेपी के सामने चुनौती थोड़ी अलग है। पार्टी ने 2014 के बाद से दलित वोटों में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में कई जगहों पर इस समर्थन में हल्की दरार दिखी। इसलिए बीजेपी भी सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए दलित और अतिपिछड़े वर्गों को अपने साथ बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रही है। कांशीराम जैसे प्रतीकों को याद करना उसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।असल सवाल यह है कि क्या कांशीराम की विरासत को सिर्फ राजनीतिक प्रतीक के रूप में इस्तेमाल करना ही काफी होगा कांशीराम ने जिस बहुजन राजनीति की कल्पना की थी, उसका मूल उद्देश्य सत्ता में भागीदारी और सामाजिक सम्मान था। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों को यह एहसास कराया कि लोकतंत्र में संख्या भी ताकत होती है। उनकी राजनीति सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति नहीं थी, बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन भी थी। आज जब अलग-अलग पार्टियां उनकी जयंती मनाने की होड़ में हैं, तब यह भी देखना होगा कि उनकी मूल सोच को कितनी गंभीरता से अपनाया जाता है। क्या यह सिर्फ वोटों की गणित है या सामाजिक न्याय की वास्तविक चिंता भी है यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रतीकों का इस्तेमाल नया नहीं है। अक्सर नेता और दल किसी बड़े सामाजिक नायक की विरासत को अपने पक्ष में पेश करते रहे हैं।2027 का विधानसभा चुनाव अभी दूर है, लेकिन उसकी आहट अभी से सुनाई देने लगी है। सपा सत्ता में वापसी का सपना देख रही है, बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में है और कांग्रेस खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल करना चाहती है। ऐसे में कांशीराम की विरासत एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गई है।लेकिन अंतिम फैसला हमेशा मतदाता ही करता है। यह वही मतदाता है जिसे कांशीराम ने कभी कहा था कि सत्ता की चाबी उसके हाथ में है। अब देखना यह है कि 2027 की लड़ाई में यह चाबी किसके ताले को खोलती है और किसकी राजनीति को नया रास्ता दिखाती है।

## दांडी यात्रा की अमर गाथा

**डॉ. पंकज भारद्वाज**

12 मार्च 1930 का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक स्वर्णिम और प्रेरणादायी अध्याय के रूप में अंकित है। इसी दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण नमक कानून के विरुद्ध ऐतिहासिक नमक सत्याग्रह का शुभारंभ किया। यह आंदोलन केवल नमक पर लगाए गए कर के विरोध तक सीमित नहीं था, बल्कि यह विदेशी शासन के अन्याय और शोषण के विरुद्ध भारतीय जनमानस की सशक्त और शांतिपूर्ण प्रतिरोध की घोषणा थी। उस समय अंग्रेजी सरकार ने नमक के निर्माण और विक्रय पर अपना पूर्ण अधिकार स्थापित कर रखा था। भारतीयों को अपने ही देश में नमक बनाने की अनुमति नहीं थी और उन्हें महंगे मूल्य पर नमक खरीदने के लिए विवश किया जाता था। नमक जैसी अत्यंत आवश्यक वस्तु पर कर लगाना गरीब और साधारण जनता के लिए भारी कष्ट का कारण बन गया था। इसी अन्याय के विरुद्ध महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए नमक कानून को तोड़ने का निर्णय लिया।

12 मार्च 1930 को गांधीजी ने गुजरात स्थित साबरमती आश्रम से 78 सत्याग्रहियों के साथ लगभग 390 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक पदयात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा 24 दिनों तक चली और 6 अप्रैल 1930 को गुजरात के समुद्र तट पर स्थित दांडी पहुँचकर पूर्ण हुई। वहाँ समुद्र तट से नमक उठाकर गांधीजी ने नमक कानून का प्रतीकात्मक उल्लंघन किया। यह एक छोटा-सा कार्य था, किंतु इसके प्रभाव ने पूरे देश में स्वतंत्रता की चेतना को प्रज्वलित कर दिया।

नमक सत्याग्रह ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई गति और व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया। देश के कोने-कोने से लाखों लोग इस आंदोलन से जुड़ गए। महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे जनांदोलन का रूप दे दिया। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को कारागार में डाला गया और स्वयं महात्मा गांधी को भी गिरफ्तार कर लिया गया, परंतु आंदोलन की ज्वाला और जनसमर्थन निरंतर बढ़ता गया।इस आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह पूर्णतः अहिंसात्मक था। गांधीजी का विश्वास था कि सत्य और अहिंसा की शक्ति से किसी भी अन्यायपूर्ण शासन को चुनौती दी जा सकती है। नमक सत्याग्रह ने न केवल भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी, बल्कि विश्व का ध्यान भी भारत की आजादी की लड़ाई की ओर आकर्षित किया।आज जब हम 12 मार्च को स्मरण करते हैं, तो यह दिन हमें यह प्रेरणा देता है कि दृढ़ संकल्प, साहस और सत्य के मार्ग पर चलकर बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। नमक सत्याग्रह केवल इतिहास की एक घटना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, एकता और जनशक्ति का ऐसा प्रतीक है जिसने भारत की स्वतंत्रता की राह को सुदृढ़ बनाया।

## इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**अजय कुमार,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

भारत में जीवन के अधिकार को संविधान का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार माना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह बहस भी तेज हुई है कि क्या किसी व्यक्ति को गरिमा के साथ मरने का अधिकार भी होना चाहिए। गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पैसिव इच्छामृत्यु की अनुमति दिए जाने के बाद यह सवाल एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में आ गया है। यह फैसला केवल एक व्यक्ति के जीवन का निर्णय नहीं है, बल्कि यह उस जटिल स्थिति को भी सामने लाता है जिसमें आधुनिक चिकित्सा, कानून और मानवीय संवेदनाएं आपस में टकराती दिखाई देती हैं। हरीश राणा का मामला एक लंबे और पीड़ादायक संघर्ष की कहानी है। वर्ष 2013 में वह चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लगी। इस दुर्घटना के बाद उनका मस्तिष्क बुरी तरह प्रभावित हो गया और वह स्थायी रूप से कोमा जैसी अवस्था में चले गए। डॉक्टरों के अनुसार उनका ब्रेन डैमेज इतना गंभीर था कि उनके होश में आने की संभावना बेहद कम थी। पिछले लगभग 13 वर्षों से वह अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े थे और उनका जीवन केवल कृत्रिम पोषण, दवाओं और जीवन रक्षक चिकित्सा प्रणाली पर निर्भर था।लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने के कारण उनके





शरीर में कई तरह की जटिलताएं पैदा हो गई थीं। चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार लगातार लेटे रहने से उनके शरीर में बेड सोर यानी गंभीर घाव हो गए थे। डॉक्टरों की राय थी कि उनकी चेतना लौटने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। इस स्थिति में उनके माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अपने बेटे के लिए इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने एम्स की मेडिकल रिपोर्ट, विशेषज्ञों की राय और कानूनी प्रावधानों पर विचार करने के बाद पैसिव इच्छामृत्यु की अनुमति दे दी। अदालत ने माना कि जब कोई व्यक्ति वर्षों तक ऐसी स्थिति में रहता है जहां उसके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं होती और जीवन केवल मशीनों या कृत्रिम साधनों पर निर्भर होता है, तब गरिमा के साथ मृत्यु का अधिकार भी एक मानवीय प्रश्न बन जाता है। दरअसल इच्छामृत्यु का विषय चिकित्सा नैतिकता और कानून के सबसे जटिल मुद्दों में से एक है। इच्छा मृत्यु का अर्थ है किसी ऐसे व्यक्ति को मृत्यु की अनुमति देना जो असाध्य बीमारी, असहनीय दर्द या स्थायी अचेत अवस्था में हो और जिसके ठीक होने की संभावना न हो। आम तौर पर इच्छामृत्यु दो प्रकार की मानी जाती है एक्टिव इच्छामृत्यु और पैसिव इच्छामृत्यु।एक्टिव इच्छामृत्यु में डॉक्टर मरीज को ऐसी दवा या इंजेक्शन देते हैं जिससे उसकी तुरंत मृत्यु हो जाती है। भारत सहित दुनिया के अधिकांश देशों में इसे अवैध माना जाता है क्योंकि इसे सीधे तौर पर किसी व्यक्ति की हत्या के समान माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार जानबूझकर किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनना एक गंभीर अपराध है।दूसरी ओर पैसिव इच्छामृत्यु में डॉक्टर सीधे मृत्यु का कारण नहीं बनते, बल्कि जीवन रक्षक उपचार को हटा दिया जाता है। इसमें वेंटिलेटर हटाना, कृत्रिम भोजन बंद करना या इलाज रोक देना शामिल होता है। इसके बाद मरीज की मृत्यु स्वाभाविक रूप से होती है। भारत में सीमित परिस्थितियों में इसी प्रकार की इच्छा मृत्यु को कानूनी मान्यता दी गई है।भारत में इच्छामृत्यु की कानूनी बहस का इतिहास लगभग पांच दशकों पुराना है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से समझने की शुरूआत 2011 के अरुणा शॉनबाग मामले से हुई। अरुणा शॉनबाग मुंबई के केईएम अस्पताल में नर्स थीं। 27 नवंबर 1973 की रात एक वार्ड बॉय ने उन पर हमला किया। हमले के दौरान उनके गले को लोहे की चेन से कस दिया गया, जिससे उनके मस्तिष्क तक ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और उनका दिमाग गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद अरुणा शॉनबाग स्थायी वेजिटेटिव स्टेट में चली गईं। वह लगभग 42 वर्षों तक अस्पताल के बिस्तर पर रहीं। चिकित्सा विज्ञान में इसे परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट कहा जाता है, जिसमें शरीर जीवित रहता है लेकिन चेतना लगभग समाप्त हो जाती है।2009 में पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता पिंकी विरानी ने सुप्रीम कोर्ट में अरुणा के लिए इच्छामृत्यु की याचिका दायर की। उनका तर्क था कि अरुणा दशकों से ऐसी स्थिति में जीवन जी रही हैं जो मानवीय गरिमा के खिलाफ है। हालांकि केईएम अस्पताल की नर्सों ने इसका विरोध किया और कहा कि वे अरुणा की देखभाल कर रही हैं।सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च 2011 को इस याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन अपने फैसले में पहली बार पैसिव इच्छा मृत्यु को कुछ शर्तों के साथ अनुमति देने का रास्ता खोल दिया।

## युद्ध और पर्यावरण विनाश: क्या तय होगी युद्ध थोपने वाले नेताओं की जवाबदेही

**मनमोहन प्रकाश**

वर्तमान सदी में युद्ध केवल सीमाओं को बदलने या सत्ता परिवर्तन के लिए ही नहीं, बल्कि संसाधनों पर कब्जे, हथियारों के प्रदर्शन और उनके परीक्षण के लिए भी लड़े जा रहे हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि ये युद्ध न केवल मानव सभ्यता को पीछे धकेल रहे हैं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरण पर भी गहरे और दीर्घकालिक घाव छोड़ रहे हैं। युद्ध के दौरान फटने वाले बम, मिसाइलें और रासायनिक हथियार तेल भंडारों को राख कर रहे हैं, शहरों और जंगलों की हरियाली निगल रहे हैं, जल स्त्रोतों को दूषित कर रहे हैं और हवाओं को विषैला बना रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है और जैव विविधता पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि युद्ध केवल भूमि और आकाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनका सबसे मूक और गहरा प्रभाव समुद्रों पर पड़ता है। नौसैनिक युद्धों के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाले युद्धपोत और तेल टैंकरों से होने वाला 'ऑयल स्पिल' (तेल रिसाव) समुद्री जीवों के लिए मौत का वारंट बन जाता है। मिसाइल परीक्षणों और पनडुब्बियों द्वारा छोड़े गए मलबे से समुद्र के तल में भारी धातुएं जमा हो जाती हैं, जो खाद्य श्रृंखला के माध्यम से अंततः मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसके अतिरिक्त, आधुनिक युद्धों में उपयोग होने वाले शक्तिशाली सोनार सिस्टम समुद्री स्तनधारियों, जैसे व्हेल और डॉल्फिन की संचार क्षमता और दिशा-ज्ञान को नष्ट कर देते हैं, जिससे उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। लाल सागर और फारस की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वर्तमान सैन्य हलचल वहां के कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) को भी अपूरणीय क्षति पहुँचा रही है, जो हजारों प्रजातियों का घर हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब युद्ध पर्यावरण के इतने बड़े विनाश का कारण बनते हैं, तो क्या इन्हें शुरू करने वाले नेताओं और शक्तियों की पर्यावरणीय जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए वर्तमान में पश्चिम एशिया का तनाव इस प्रश्न को और अधिक गंभीर बना रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ा संघर्ष अब भीषण रूप ले चुका है। दोनों ओर से घातक मिसाइलों और ड्रोनों की बरसात हो रही है। ऐसा ही भयावह मंजर रूस-यूक्रेन युद्ध में भी देखने को मिल रहा है। इन युद्धों का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं है।

तेल भंडारों, सैन्य ठिकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर हमलों से निकलने वाला विषैला धुआं, रासायनिक गैसें और सूक्ष्म कण वैश्विक वायुमंडल में घुल रहे हैं। विकसित शहर मलबे के ढेर में बदल रहे हैं, जिससे जल, वायु, पृथ्वी और आकाश प्रदूषित होकर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।

## अमेरिका ईरान लड़ाई से भारतीय रसोई में ईंधन की चिंता

**मनोज कुमार अग्रवाल**

गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आ रही खबरों के बाद केंद्र सरकार सुपरएक्टिव हो गई है. सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के साथ कई कड़े कदम उठाए हैं, जिससे राहत मिल सकती है. मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और एस्मा लागू कर दिया है. सरकार ने आम एलपीजी सिलेंडर धारकों से कहा है कि वो घबराएं नहीं और सभी को पर्याप्त गैस आपूर्ति के लिए ठोस इंतजाम किए गए हैं. कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर सुचारू बनाए रखने के लिए होटल-रेस्तरां एसोसिएशन और अन्य पक्षधारकों से बात की जा रही है.



आपको बता दें मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर अब धीरे-धीरे पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ा है, जिसका प्रभाव देश में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता पर पड़ने लगा है। देश के कई शहरों से कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरें सामने आ रही हैं। होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग उद्योग में चिंता का माहौल है। हालांकि सरकार का कहना है कि देश में भरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात थोड़े जटिल दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर रोक लगा दी है। इसके कारण गैस सप्लाई बंद हो गयी है और इसकी वजह से कई शहरों में रेस्टोरेंट्स और होटल बंद होने की नौबत आ गई है। दरअसल भारत की ऊर्जा जरूरतें तेजी से बढ़ रही हैं। एलपीजी की खपत भी लगातार बढ़ी है। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में करीब 3.13 करोड़ टन एलपीजी की खपत दर्ज की गई। इसमें से केवल लगभग 1.28 करोड़ टन का उत्पादन देश के भीतर हुआ, जबकि बाकी मात्रा आयात के माध्यम से पूरी की गई। इसका मतलब यह है कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विदेशों से आयात करता है। यही आयात निर्भरता किसी भी वैश्विक संकट के समय भारत के लिए चुनौती बन जाती है। पश्चिम एशिया भारत के लिए एलपीजी और कच्चे तेल का प्रमुख स्त्रोत है। भारत को सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से बड़ी मात्रा में गैस और तेल मिलता है। इन देशों से होने वाले आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते भारत पहुंचता है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है यह जलमार्ग ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन जब इस क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति बनती है और समुद्री मार्ग प्रभावित होते हैं, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। ईरानअमेरिका-इजरायल के बीच जारी संघर्ष के कारण इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ी है।

## टकराव की तपिश में मध्य पूर्व

**आरके जैन**

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। 6 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की – कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि केवल आत्मसमर्पण के बाद ही ईरान में नया महान और स्वीकार्य नेता चुना जाएगा और देश का पुनर्निर्माण होगा। इस मांग ने कूटनीतिक रास्तों को पूरी तरह बंद कर दिया है। वैश्विक मीडिया इसे मैक्सिमलिस्ट वॉर ऐम्स के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, जिससे साफ है कि यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रह सकता है। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने इसे केवल एक सपना करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है। खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, हम अंत तक लड़ेंगे। इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इजराइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। 10 मार्च तक, युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें 8 की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप्प है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे साइलेंट किलर मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। यह संघर्ष अब एट्रिशन वार की ओर बढ़ रहा है, जहां कोई स्पष्ट विजेता दिखाई नहीं देता। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है।

## गृह कलह का अंजाम: हत्यारिन निकली मां, अपने ही पुत्र को मार डाला

### महिला गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** गंगानगर-जोन के थाना सरायममरेज में धारा-103(1)/238 से सम्बन्धित अभियुक्ता मनोरमा यादव निवासिनी पुरे जयसिंह पिलखनी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल सीमेन्ट व बालू से निर्मित कोरदार ठोस फर्श का टुकड़ा बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला ने11 मार्च को अपने ही 5 माह के पुत्र की हत्या कर उसके शव को रसोई के घर में छिपा दिया था। इस सम्बन्ध में थाना सरायममरेज में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि 11 मार्च को किसी बात को लेकर अपने पति से लड़ाई-झगड़ा किया परन्तु पुत्र को अपने साथ न ले जाने पर क्रोध में आने के कारण सीमेन्ट व बालू से निर्मित कोरदार ठोस फर्श का टुकड़े से अपने पुत्र के पेट में मार कर उसकी हत्या कर दी गयी एवं शव को रसोई के घर में छुपा दिया गया था। गिरफ्तार महिला को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## फतेहपुर के अवैध मतांतरण के आरोपियों की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर के अवैध मतांतरण के आरोपी डेविड ग्लैडविन और अभिषेक ग्राल्डविन की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने दिया है।

आरोपियों के खिलाफ थाना राधानगर में भारतीय न्याय संहिता, की धारा 299, 351 (3) और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5(1) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। याची अधिवक्ता का कहना था कि वे निर्दोष हैं और उन्हें झूठा फंसाया गया है। घटना के समय वहां कोई धर्मांतरण नहीं हो रहा था, बल्कि केवल प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी। कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वे 29 दिसंबर 2025 से जेल में बंद हैं।

## युवक ने गोली मारकर की खुदकुशी

**शाहजहांपुर।**

उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम एक युवक ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

कांट थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या ने बताया कि अजीजपुर जिगनेरा निवासी सतीश वर्मा (34) की अजीजपुर जिगनेरा स्थित स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के पास सतीश जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। बुधवार की देर शाम करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि सतीश ने दुकान के अंदर खुद को गोली मारकर कर खुदकुशी कर ली। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवारवालों से घटना के सम्बंध में जनकारी ली।

उन्होंने बताया की सतीश को कुछ दिन पूर्व हेपेटाइटिस सी हो गया था। सतीश ने जमीन गिरवी रख कर अपना ऑपरेशन कराया था और वो कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान भी चल रहा था।

## एचएलबी के नक्शा नजरी के लंबित प्रकरणों को शीघ्र करें निस्तारित : एसडीएम

## मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे ने अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद समेत कई अफसरों से मिलकर सौंपा ज्ञापन






**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल द्वारा किसानों का एक भी सही कार्य न किए जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे ने जनपद प्रयागराज एवं प्रयागराज मंडल के किसानों से जुड़ी कई गंभीर समस्या जैसे प्रयागराज की तहसील सोराव में जमीन का सर्किल रेट बढ़ाए जाने वा आवास विकास परिषद प्रयागराज के द्वारा ग्राम टिकरी एवं कई अन्य गांवों में जबरन किसानों की बेसकीमती बहु फसलीय जमीन का अधिग्रहण किए जाने तथा पूर्व में तहसील सोरांव में चकबंदी अधिकारियों द्वारा बेदखल किए गए किसानों को चिन्हित कर उनकी जमीन पुनः किसानों के नाम किये जाने तथा प्रयागराज मंडल में महीने के तीसरे बुधवार को किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों को





सूचित कर उनके साथ बैठक किए जाने एवं कौशांबी जनपद में जमुना के किनारे शवदाह गृह बनाए जाने तथा विद्युत विभाग का स्टोर बनाए व प्रयागराज मंडल की सभी न्याय पंचायत में सरकारी जमीन चिन्हित कर पशु बड़ा बनाए जाने एवं पशु को पशु बाड़ा में पहुंचाये जाने सहित अन्य कई समस्या को लेकर 19 सूत्रीय ज्ञापन अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश संजय प्रसाद, डॉ ऋषिकेश भास्कर यशूद चकबंदी आयुक्त उत्तर से मिलकर उन्हें सौंपा विजय विश्वास पंत मंडला आयुक्त मंडल लखनऊ एवं तरुण गाबा अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ अतिरिक्त सुरक्षा सीमित उत्तर से भी किसान नेता बबलू दुबे ने मुलाकात की इस अवसर पर अंगद मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष खुर्शीद आलम न्याय पंचायत अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे ।

## वाराणसी में 14 से 16 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव 2026 का आयोजन



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव-2026 का आयोजन 14 मार्च से 16 मार्च तक वाराणसी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कृषि विज्ञान संस्थान के शताब्दी कृषि सभागार में होने जा रहा है। उक्त जानकारी आयोजन सदस्य धनंजय ओझा ने दी है।



धनंजय ओझा ने कहा कि गौ संस्कृति का उत्सव, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महोत्सव जैसे विषय बिंदु पर महोत्सव में चर्चा होगी। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गौ संरक्षण, पंचगव्य अनुसंधान, प्राकृतिक कृषि, ग्रामीण उद्यमिता तथा गौ-आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को समर्पित रहने वाला है। इस महोत्सव में देश-विदेश के किसान, गौशाला संचालक, वैज्ञानिक, शोधार्थी, स्टार्टअप उद्यमी, नीति विशेषज्ञ तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित होंगे और गौ आधारित सतत विकास, जैविक कृषि, पंचगव्य चिकित्सा तथा ग्रामीण नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## चार अप्रैल को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक,टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

**वाराणसी।**

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षक संगठन लामबंद होने लगे है। टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए मुखर शिक्षक संगठन दिल्ली के रामलीला मैदान में चार अप्रैल को महारैली कर एकजुटता दिखायेंगे। गुरूवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ वाराणसी से जुड़े शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा ने लाखों शिक्षकों के हित में भारत सरकार से माँग रखी है कि आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए कानून बनाया जाये। इस सम्बन्ध में डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा की अगुवाई में टीएफआई के प्रतिनिधि मंडल ने 19 दिसम्बर को केंद्रीय शिक्षा मंत्री से वार्ता करके ज्ञापन सौंपा था । उम्मीद जगी थी कि बजट सत्र में सरकार इस विषय पर विधेयक लाएगी,परन्तु अभी तक ऐसा नहीं हुआ जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। प्रदेश के सभी जनपदों में संघ द्वारा दो-दो बार जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इसके अलावा सांसदों को भी ज्ञापन सौंपा गया। कई सांसदों ने संसद में विषय को उठाया। लेकिन शिक्षा मंत्रालय देश के 20 लाख शिक्षक व उनके परिवार के प्रति संवेदनशील नहीं है।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की विकास योजनाओं की समीक्षा

**गोरखपुर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान गोरखपुर मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, अपर आयुक्त (प्रशासन) जय प्रकाश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



मुख्य सचिव ने बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बालक और बालिकाओं के लिए शौचालयों की उपलब्धता और उनकी क्रियाशीलता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में शौचालय नहीं हैं अथवा जो उपयोग की स्थिति में नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छ और क्रियाशील शौचालय की व्यवस्था विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने अस्पतालों में योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली और कहा कि लाभार्थियों को उपचार में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना और उसके संचालन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी से छात्रों और युवाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन की बेहतर सुविधा मिलती है, इसलिए इसकी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। मुख्य सचिव ने पंचायत स्तर पर बनाए जा रहे पंचायत उत्सव भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की।

## कलेक्ट्रेट परिसर के दफ्तरों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

### लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण से पूर्व मंडलायुक्त ने संगम सभागार में विभिन्न पटलों से जुड़े लिपिकों एवं पटल सहायकों के साथ बैठक कर उन्हें अपने-अपने पटलों पर लंबित सबसे पुराने वादों की स्थिति तथा पेंडेंसी से संबंधित अद्यतन जानकारी तैयार रखने के निर्देश दिए।



निरीक्षण की शुरूआत अपर जिलाधिकारी (शहर) की न्यायालय से की गई, जहां पाँच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की समीक्षा की गई। कई मामलों में लंबित रहने के कारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मंडलायुक्त ने फूड सेफ्टी से संबंधित सभी प्रकरणों की सूची तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में खाद्य मिलावट जैसे गंभीर आरोप नहीं हैं, उनमें शीघ्र आख्या लगाकर निस्तारण किया जाए। वहीं, गंभीर मामलों में विधिसम्मत अभियोजन की कार्रवाई करते हुए उन्हें भी समयबद्ध रूप से निष्पादित किया जाए। फूड सेफ्टी एवं रेंट कंट्रोल से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पाक्षिक आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, जिससे पेंडेंसी में कमी लाई जा सके। मंडलायुक्त ने न्यायिक सहायक (जे.ए.) न्याय के पटल का भी निरीक्षण किया, जहां टाउन एरिया से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाता है। गार्ड फाइल की समीक्षा के दौरान आवश्यक आदेशों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संलग्न रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अपर जिलाधिकारी को पटलवार लंबित मामलों की मासिक समीक्षा कर उनके निस्तारण की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पटल सहायक द्वारा की गई प्रविष्टियां त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर उन्हें फटकार लगाते हुए सभी प्रविष्टियों की पुनः जांच कर उन्हें सही कराने के निर्देश दिए गए। सर्विसेज सत्यापन से संबंधित लंबित प्रकरणों के संबंध में बताए जाने पर की यहां से रिपोर्ट भेजे जाने के बाद भी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से सत्यापन आख्या समय से प्राप्त नहीं हो पाती है, मंडलायुक्त ने लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस कमिश्नर को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली में सुधार का सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान में अलग-अलग प्रविष्टियों के लिए कई रजिस्टर होने से समन्वय में कठिनाई होती है। इसलिए सत्यापन आख्या प्राप्त होने के बाद उसी रजिस्टर में प्रविष्टि दर्ज करने अथवा एक अतिरिक्त कॉलम जोड़कर टिप्पणियां अंकित करने की व्यवस्था लागू की जाए। मंडलायुक्त ने डाक विभाग, न्यायिक अभिलेखागार और राजस्व अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया। फाइलों की व्यवस्थित स्टैकिंग सुनिश्चित करने तथा जिन कपड़ों में फाइलें सुरक्षित रखी गई हैं उन्हें आवश्यकतानुसार ठीक करने या बदलने के निर्देश दिए गए। अभिलेखागारों में फाइलों की सूचीबद्धता संतोषजनक न पाए जाने पर सभी फाइलों का व्यवस्थित इंडेक्स तैयार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख आसानी से उपलब्ध हो सकें। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर चकबंदी एवं अन्य विभागों से आवश्यकतानुसार लेखपालों तथा अधिकारियों की टीम बनाकर सहयोग लेने को कहा गया। न्यायिक अभिलेखागार में थाना-वार तथा राजस्व अभिलेखागार में तहसील-वार इंडेक्सिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अत्यंत पुराने एवं अनुपयोगी अभिलेखों की सूची बनाकर नियमों के अनुसार उनका विधिवत निस्तारण करने को कहा गया।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने एसएलएओ तथा एलआरसी कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के कारण अवरुद्ध सरकारी प्राइम भूमि की प्रभावी पैरवी कर उसे मुक्त कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि इन परिसंपत्तियों का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जा सके।

इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित क्लॉक टावर का भी निरीक्षण किया गया। घड़ी बंद पाए जाने पर उन्होंने जिलाधिकारी को स्मार्ट सिटी परियोजना के माध्यम से उसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

## कोर्ट ने याची को नोटिस का जवाब देने का आदेश देते हुए याचिका की खारिज

**प्रयागराज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीरेंद्र बहादुर यादव को ए डी एम वित्त एवं राजस्व आजमगढ़ द्वारा गुंडा नियंत्रण कानून के तहत जारी नोटिस का जवाब दाखिल करने का आदेश देते हुए याचिका खारिज कर दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा तथा न्यायमूर्ति लक्ष्मीकांत शुक्ल की खंडपीठ ने बीरेंद्र बहादुर यादव की याचिका पर दिया है।

## तृतीय अन्तर्जनपदीय हैंडबॉल कलस्टर व बास्केट बॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** रिजर्व पुलिस लाइन में प्रचलित मेरठ जोन,मेरठ की तृतीय अंतरजनपदीय हैंडबॉल कलस्टर (महिला पुरूष) हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2026 का समापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। समापन के अवसर पर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीम के खिलाडियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बास्केटबॉल पुरुष वर्ग का फाइनल मैच कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व जनपद बुलंदशहर के मध्य खेला गया जिसमें बुलंदशहर की टीम द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की टीम को 42-29 अंको से हराकर फाइनल में विजय प्राप्त की, जिससे जनपद बुलन्दशहर को मेरठ जोन मेरठ में वर्ष-2026 का चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।



बास्केटबॉल महिला वर्ग के फाइनल मैच में जनपद मेरठ द्वारा जनपद गाजियाबाद को हराकर विजय प्राप्त की। हैंडबॉल पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में जनपद मेरठ द्वारा जनपद बुलन्दशहर को हराकर विजय प्राप्त की। हैंडबॉल महिला वर्ग के फाइनल मैच में जनपद मेरठ द्वारा जनपद हापुड को हराकर विजय प्राप्त की।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पांडेय तथा प्रतिसार निरीक्षक लाइन अजय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

1- बास्केटबॉल पुरुष विजेता - बुलंदशहर
2- बास्केटबॉल महिला विजेता - मेरठ
3- हैंडबॉल पुरुष विजेता - मेरठ
4- हैंडबॉल महिला विजेता - मेरठ

# पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा : सचिव भगवती सिंह

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रयागराज,कौशांबी गाजीपुर, जौनपुर के 20 परीक्षा केंद्रों पर लगाये गये थे जैमर

### 18 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा संस्था यूपी बोर्ड की वर्ष - 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को संपन्न हो गई। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने आज बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक 15 कार्य दिवसों से में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यूपी बोर्ड के सचिव ने बताया कि हाई स्कूल की परीक्षा में इस बार छात्र - छात्राओं की उपस्थिति 26 लाख और इंटरमीडिएट में 24.5 लाख रही है।यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने ने दावा किया है कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं नकल माफिया, साल्वर गिरोह, छद्म परीक्षार्थियों और पेपर लीक करने वाले अराजक तत्वों के प्रयासों को निष्फल करते हुए पूरी तरह से नकल विहीन, शुचिता पूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई हैं।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने परीक्षा संपन्न होने के बाद बताया है कि प्रश्न पत्रों की अभेद्य सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों के लगभग 1.22 लाख परीक्षा कक्षों और परिसरों में 2.89 लाख से अधिक वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिससे 24 घंटे सातों दिन निगरानी की गई। इसके लिए हर जिले में जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम, शिविर कार्यालय लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना के साथ ही यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज और पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों मेरठ, बरेली, प्रयागराज,वाराणसी और गोरखपुर में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया था। जहां से यूपी बोर्ड परीक्षा की लगातार मॉनिटरिंग की गई। यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान 12 जिलों के 16 परीक्षा केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने और 11 जिलों में 17 परीक्षा केंद्रों के संबंध में नकल संबंधित शिकायत मिलने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सभी जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में सभी विषयों के प्रश्न पत्रों के अतिरिक्त रिजर्व सेट की व्यवस्था यूपी बोर्ड द्वारा की गई थी। उत्तर पुस्तिकाओं को पहली बार ए- 4 पोर्ट्रेट आकार में तैयार किया गया। सभी प्रश्नों पर यूपीएमएसपी

के सूक्ष्म अंकन से मार्जिन लाइन बनाई गई थी। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए उन पर सुरक्षात्मक क्यू आर कोड, क्रमांक, प्रत्येक पृष्ठ पर परिषद का लोगो और पृष्ठ संख्या का मुद्रण किया गया था। सिलाई युक्त उत्तर पुस्तिकाओं को चार भिन्न रंगों में तैयार कराया गया था। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्राप्तांक परीक्षकों द्वारा पोर्टल व मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड कराया गया।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के चार जिलों प्रयागराज,कौशांबी गाजीपुर और जौनपुर के 20 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा अवधि के दौरान जैमर स्थापित किए गए थे। इसमें प्रयागराज में सात, कौशांबी में तीन, जौनपुर में पांच और गाजीपुर में पांच परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए थे।

उन्होने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं को रोकने के लिए यूपी बोर्ड के मुख्यालय में क्विक रिस्पांस टीम यानि क्यू आर टी का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान क्यू आर टी द्वारा लगातार निगरानी के बाद कुछ यूट्यूब चैनलों द्वारा विगत वर्षों के एडिटेड प्रश्न पत्र प्रश्न पत्र के साथ बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र वायरल शीर्षक से वीडियो अपलोड किए गए जिससे लोगों में भ्रामक और फर्जी सूचनाओं को प्रसारित करने की कृत्य का संज्ञान लेते हुए ऐसे



यूट्यूब चैनल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से त्रिस्तरीय निगरानी प्रणाली बोर्ड परीक्षा में अपनाई गई। कक्ष निरीक्षकों व सचल दलों की निरंतर सतर्कता और सक्रियता के चलते प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर इस वर्ष मात्र 49 ऐसे प्रकरण प्रकाश में आए जहां पर पंजीकृत मूल परीक्षार्थी के स्थान पर छद्म परीक्षार्थी यानि मुन्ना भाई परीक्षा देते हुए पकड़े गए। सभी प्रकरणों में परिषद के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम 2024 की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही 18 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए हैं।

इन सभी योजनाबद्ध और समन्वित प्रयासों के परिणाम स्वरुप 2026 की बोर्ड परीक्षा शुचिता पूर्ण, नकल विहीन एवं शांति पूर्ण और पारदर्शी ढंग से सफलतापूर्वक आयोजित की गई है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य प्रदेश में निर्धारित किए गए 250 मूल्यांकन केंद्रों पर 18 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 के बीच संपादित होगा। प्रदेश में निर्धारित कुल 75 संकलन केंद्रों से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं 15 मार्च 17 मार्च के बीच भेजी जाएंगी।

यूपी बोर्ड के सचिव ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य में नियुक्त अध्यापकों और कार्मिकों के अतिरिक्त किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मूल्यांकन कार्य के संचालन के लिए 75 मुख्य नियंत्रक और 250 उप नियंत्रकों की तैनाती की गई है। जिले स्तर पर मूल्यांकन कार्यों में प्रभावी निगरानी के लिए सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर डीएम द्वारा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है।

यूपी बोर्ड सचिव ने बताया कि हाई स्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए लगभग 4300 अंकेक्षक, 8550 उप प्रधान परीक्षक और 83800 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। ? इस प्रकार इंटर स्तर पर लगभग 2590 अंकेक्षक, 5300 प्रधान परीक्षक और 48990 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से नियुक्त लगभग 1 लाख 53 हजार कर्मियों द्वारा संपादित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के कमांड एंड कंट्रोल रूम से सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक सभी 250 मूल्यांकन केंद्रों की ऑनलाइन सतत निगरानी के लिए छह-छह घंटे की दो शिफ्ट में कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच जिलों प्रयागराज, मेरठ,बरेली, वाराणसी और गोरखपुर में पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ यूपी बोर्ड के पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने एक बार फिर से दोहराया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षाओं के मूल्यांकन की निष्पक्ष और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

